CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज ने आयोजित किया ‘बिहार डेवलपमेंट फोरम’ कार्यक्रम

छात्रों ने बिहार को विकसित करने के लिए मौलिक एवं ‘ऐक्शनेबल आइडियाज़ प्रस्तुत किए गए’

उद्योग मंत्री ने की कैटलिस्ट कॉलेज के उपलब्धियों की सराहना

कैटलिस्ट कॉलेज (सिमेज समूह से सम्बद्ध) द्वारा दिनाँक 21 जनवरी (शनिवार) को **‘बिहार डेवलपमेंट फोरम – विकसित बिहार के लिए मौलिक एवं ‘ऐक्शनेबल आइडियाज़’** कार्यक्रम का आयोजन ‘ज्ञान भवन, पटना में किया गया | इस कार्यक्रम का उदघाटन बिहार सरकार के उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ तथा पाटलीपुत्रा विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डॉ० प्रो० आर०के० सिंह, कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया | इस कार्यक्रम में बिहार को विकसित बनाने के लिए कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों द्वारा कई मौलिक आइडियाज़ प्रस्तुत किए, जिनपर चर्चा हुई |

वहीं इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुये बिहार सरकार के उद्योगमंत्री श्री समीर कुमार महासेठ ने कैटलिस्ट कॉलेज के सफलताओं की सराहना की | उन्होने कहा कि बिहार के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है | उन्होने छात्रों से भी उध्यमिता के क्षेत्र में आने की सलाह दी | उन्होने कहा कि उनके कार्यकाल में उद्योग नीति में कुछ बदलाव किए गए हैं | उन्होने कहा कि अगले 5 सालों में बिहार के हर जिले से एक्सपोर्ट ओरिएंटेड कार्यक्रम होंगे | उन्होने बिहार को स्पेशल इकोनोमिक ज़ोन बनाने की जरूरत पर ज़ोर दिया | उन्होने कहा कि कैटलिस्ट कॉलेज के इस तरह के प्रयास इस पीढ़ी के युवाओं में उद्यमिता के बीज बोने में मदद करेगी |

वहीं छात्रों को संबोधित करते हुये पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डॉ० प्रो० आर०के० सिंह ने कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों की सफलताओं की सराहना की | उन्होने छात्रों को संबन्धित करते हुये कहा कि ‘हमें अपनी क्षमता के अनुसार जीवन में लक्ष्य बनाना चाहिए | उन्होने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के सिलेबस में समय के अनुसार बदलाव करने के काम में लगा हुआ है | उन्होने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों कि सुविधा के लिए ऐप बना रहा है | उन्होने कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का आवाहन किया कि वे विश्वविद्यालय के लिए ऐप बनाएँ, जिसे छात्रों ने स्वीकार कर लिया | उन्होने छात्रों से समय की कद्र करने को कहा तथा बदलते समय के हिसाब से अपने आपको भी अपडेट करते रहने की जरूरत पर भी ज़ोर दिया |

इस कार्यक्रम में बिहार इंडस्ट्रीज असोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री रामलाल खेतान भी मौजूद थे | उन्होने छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि ‘जबतक बिहार आगे नहीं बढ़ेगा, तबतक देश का सम्पूर्ण विकास संभव नहीं है | उन्होने कहा कि सरकार व्यावहारिक स्तर पर इंडस्ट्रीज की समस्याएँ हल करें तभी बिहार में औद्योगिक विकास संभव है |” वहीं इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुये लाईव सिटीज डिजिटल मीडिया के संस्थापक श्री ज्ञानेश्वर वात्स्यायन ने कहा कि ‘हमें सफल व्यक्तियों के जीवन से सबक सीखना चाहिए | साथ ही छात्रों को तार्किक क्षमता विकसित करनी चाहिए |

इस अवसर ओर अतिथियों का स्वागत करते हुये कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने राज्य में उद्यमिता को विकसित करने के लिए एक स्किल बेस्ड विश्वविद्यालय की स्थापना करने की जरूरत पर ज़ोर दिया | उन्होने कैटलिस्ट कॉलेज की सफलता का जिक्र करते हुये बताया कि कैटलिस्ट कॉलेज समूह ने छात्रों को प्लेसमेंट दिलाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है | कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों का चयन विप्रो, टी०सी०एस०, इन्फोसिस, कैपजेमिनी, कोग्निजेंट, एकसेंचर, आई.बी.एम., एमड़ोक्स, रैकस्पेस,

जेनपैक्ट, इंटेल, ओरैकल, एच.पी., एच.सी.एल., टेक महिंद्रा, एल.टी.टी.एस., माईंडट्री, और पे-पाल जैसी कंपनियों में हुआ है | यह कैटलिस्ट कॉलेज की प्रतिबद्धता और सफलता को दर्शाता हैं |"

इस अवसर पर छात्रों का ने बिहार को विकसित बनाने के लिए कई मौलिक आइडियाज़ प्रस्तुत किए | छात्रों ने बिहार को विकसित बनाने के लिए कृषि, कोपरेटिव फार्मिंग, बिहार ताज़ा हात, जल प्रबंधन, पर्यटन, ब्रांड बिहार की जरूरत, टेरेस गार्डनिंग, सोलर फ़ार्मिंग, स्मार्ट विलेज, स्वास्थ्य, स्पेशल एकोनोमिक ज़ोन, भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री, चीनी उद्योग, शिक्षा, विभिन्न उद्योग धंधे, कानून व्यवस्था, उध्यमिता, खेल-कूद, जातिवाद की समस्या, जैविक खेती, बिहार में स्किल बेस्ड विश्वविद्यालय की स्थापना इत्यादि की जरूरतों पर खुलकर अपने विचार प्रस्तुत किए |

इस अवसर पर छात्रों का जोश देखने लायक था | कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने संगीत पर झूमकर तथा खुशी से नाचकर जश्न मनाया | कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन कैटलिस्ट कॉलेज के डीन नीरज पोद्दार द्वारा किया गया | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल तथा सभी शिक्षक भी मौजूद थे |

BIHAR